रांची एयरपोर्ट पर स्टॉल से सबर हो रहे सशक्त

एमडी बोले

चांडिल, संवाददाता। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण, रांची, महिला कल्याण संस्था कल्याणमयी तथा आर्किड हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से नीमडीह प्रखंड के केतूंगा में एनजीओ अंबालिका की ओर से सबरों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें सभी सबर, वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों के नेत्र एवं स्वास्थ्य की जांच की गई।

बीमारी से ग्रसित सबरों एवं अन्य ग्रामीणों को आर्किड हॉस्पिटल एवं आयरीस हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क चश्मा दिया जायेगा। संस्था कल्याणमयी द्वारा सबरों के बीच निःशुल्क चावल, आटा, सब्जी, तेल, गुड़, केला, सेब, संतरा, चॉकलेट, मसाले, नगद रूपये एवं वस्त्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर बिरसा मुंडा विमानपत्तन, रांची के निदेशक के एल अग्रवाल ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अवसर योजना के तहत रांची एयरपोर्ट पर आदिम जनजाति (सबर) कारीगरों को सस्ते दर पर स्टॉल उपलब्ध कराया गया है। यहां इनके द्वारा बनाए गए उत्पाद बेचे जा रहे है जो इनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक सिद्ध हो रहा है। इस मौके पर के एल अग्रवाल, सुचित्रा सिन्हा, ऋचा अग्रवाल, नागमणी मेहता एवं चिकित्सक उपस्थित थे।